# LOK SABHA DEBATES

## LOK SABHA

*Monday, April 16, 1973/Chaitra 26, 1895 (Saka)*

*The Lok Sabha met at Eleven of the Clock*

[MR. SPEAKER *in the Chair*]

## OBITUARY REFERENCE

MR. SPEAKER: Hon. Members, the House is already aware of the sad and sudden demise of Shri Teja Singh Swatantra, a sitting Member of this House. Shri Teja Singh Swatantra had attended the House on Thursday last but suddenly developed heart trouble. He was immediately attended to by our doctor and rushed to Willingdon Hospital but within a few minutes on reaching he expired.

Shri Teja Singh Swatantra represented the Sangrur constituency of Punjab. Earlier he had been a Member of the Punjab Legislative Assembly during the years 1937—1945 and of the Punjab Legislative Council during the years 1964—1969. A very very amiable and soft spoken person, he was a devoted social worker and worked a lot for the betterment of the peasants and introduction of land reforms. In the House also he used to champion the cause of the agriculturists and down-trodden One of our stalwart freedom fighters, a great patriot and revolutionary, he spent most of his early years abroad carrying on the struggle for freedom from other countries and organising the Ghaddar Party. He was with me only a day before and we had a common programme of going together to Amritsar to attend the freedom fighters convention but the powerful hand of death snatched him away.

We deeply mourn the loss of this friend and I am sure the House will join me in conveying our condolences to the bereaved family.

THE PRIME MINISTER, MINISTER OF ATOMIC ENERGY, MINISTER OF ELECTRONICS, MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING AND MINISTER OF SPACE (SHRIMATI INDIRA GANDHI): Mr. Speaker, Sir, we share the sentiments you have expressed.

Death has snatched away Shri Teja Singh Swatantra with tragic suddenness last week. He was full of plans for his intervention in the Lok Sabha discussions and for future tours and other work. How could anyone have thought that his end was so imminent?

He was a fine person, a grand old man and indeed he was a warrior who fought for the nation's freedom and for the rights of the oppressed. His work for the kisan movement will be particularly remembered, as will his early wanderings abroad pleading our cause and his later services as legislator in the Punjab and here in our national Parliament.

We loose a respected colleague, the nation, a veteran worker. Our sincere sympathy and condolences go to his family and colleagues.

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour): Sir, we are plunged in deep sorrow due to sudden demise

of Shri Teja Singh Swatantra. Shri Swatantra was a great fighter for the peasants and workers and he was always there in the forefront. His passing away is a deep loss to our country and to all of us.

Would you kindly convey our deep sense of symathies and condolences to his bereaved family?

SHRI INDRAJIT GUPTA (Alipore): Sir, this is particularly a sorrowful day not only for all of us but particularly for our party. I do not wish to say much because Comrade Teja Singh's life is known to all, not only that he was a freedom fighter but he was a living symbol of that generation of immortal revolutionaries who risked everything including their lives, security of their homes and everything in order to fight for the liberation of our motherland.

You know that, for many years, he led a hunted life. For years, he had to work in illegal conditions with a price on his head. He never financed for a single moment. He was associated with the immortal Ghaddar Movement. Many of his colleagues paid with their lives and later on, he organised and led the militant struggle of the peasants of the old Pepsu for their freedom and rights against the princely rule. He was essentially a man of the soil with deep bonds, with the peasantry whom he served all his life. He served the cause of the Communist Party.

As you have remarked, he was so gentle and soft-speaker that one could hardly guess from his demeanour what a story and revolutionary life he had led! He died in tragic circumstances, I am told. I was not here at that time but the doctors at the hospital said that when his body arrived there, he was already dead. I am not in a position to say whether it would have been possible to save him if imemdiate and requisite medical attention had been forthcoming when he was stricken with heart attack here in this House. Anyway, nothing will bring him back now.

I request you, on behalf of all of us, to convey the condolences of this House to his family and I take this opportunity, on behalf of our party, of thanking you, the Prime Minister and other colleagues for the sentiments they have expressed on this occasion.

**श्री अटल बिहारी वाजपेयी** (ग्वालियर): अध्यक्ष जी, मैं अपने दल की ओर से और अपनी ओर से भी श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र के प्रति विनम्र श्रद्धान्जलि समर्पित करना चाहता हूं। उनका देहावसान बड़ी दुखदायी परिस्थितियों मे हुआ। वे सदन में उपस्थित थे, अचानक हमारे बीच में से उठा लिये गये। संसद् में उनके साथ हमारा परिचय बहुत थोड़ा रहा। लेकिन श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र उस पुरानी पीढ़ी से सम्बन्धित थे स्वतन्त्रता के युद्ध मे जिनके योगदान ने सारे देश को प्रेरित और अनुप्राणित किया। बाल्यावस्था में जिन क्रान्तिकारियों की कथायें आजादी की लगन जगाती थी उनमें, गदर पार्टी के व्यक्ति और उनमें श्री स्वतन्त्र का नामोल्लेख, अपरिहार्य था। जीवन भर वह संघर्ष करते रहे और अचानक हमारे बीच में से अन्तर्धान हो गये। पंजाब के सार्वजनिक जीवन को उनके निधन से गहरी क्षति हुई है। राजनीतिक मतभेद के बावजूद उनकी प्रामाणिकता, उनकी कर्त्तव्य निष्ठा और दलित पीड़ितों के लिए सतत संघर्ष करने का उनका संकल्प हमारे लिए सदैव मार्गदर्शन का काम करेगा।

आज सारा देश उनके निधन से दुखी है। पार्टियों की दीवारें ऐसे व्यक्तियों को नहीं बांध सकती। मैं चाहूंगा कि आप हमारी संवेदना को भी उन के शोक-संतप्त परिवार तक पहुंचा दें।

**श्री श्यामनन्दन मिश्र** (बेगुसराय) अध्यक्ष महोदय, मैं एक देहात में था और वहां मुझे यह दुःखद खबर नहीं मिली थी। कल

शाम को यहां आने पर जब मुझे यह समाचार मिला तब मैं बहुत मर्माहत हुआ। कभी-कभी श्री तेजासिंह स्वतन्त्र से बातें करने का सौभाग्य होता था और उनकी मिठास का एक बड़ा जादू हम लोगों के ऊपर छा जाता था। वे हमारे बड़े पुराने नेताओं में थे। 1919 में ही वे कांग्रेस में शरीक हुए और उसके बाद उनकी जिन्दगी सतत संघर्ष और त्याग की जिन्दगी रही। आज हम सभी यह अनुभव करते हैं कि वे उस पुरानी पीढ़ी के नेता थे, कार्यकर्ता थे, जो हम लोगों के बीच से अब खत्म हो रही है।

हम अपने दल की तरफ से दिवंगत आत्मा के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं और शोक-संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदना जाहिर करते हैं।

SHRI V MAYAVAN (Chidambaram) Mr Speaker, on behalf of the DMK Group in Parliament I associate myself with the sentiments expressed by the Speaker, the Leader of the House and the Leaders of other groups on the demise of comrade Teja Singh Swatantra He was my neighbour and he was living in the next flat In spite of his old age, he was very active and I could see him discussing party problems with his colleagues On behalf of the DMK Group, I request the Speaker to convey our heartfelt condolences to the bereaved family

PROF MADHU DANDAVATE (Rajapur) Sir, one by one the great leaders of our freedom struggle are being snatched away from us, the latest being Shri Teja Singh Swatantra. In this country we had always true friends for our freedom struggle one within our border and one without Here was one who fought on both fronts His membership was the reflection of his position at the grass root level in his own State and elsewhere. He was also a man of the masses and he worked inside the House. On my behalf and on behalf of the Socialist Party, I pay my tribute to the departed leader and I request you, Sir, to convey our condolences to the members of the bereaved family, the proudest family beings the Communist Party of India

**श्री राम कंवर** (टोंक) अध्यक्ष महोदय, मैं अपने दल, स्वतन्त्र पार्टी की ओर से श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र के निधन पर गहरा शोक प्रकट करता हूं। 13 तारीख को जब श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र बैंक जा रहे थे तब मैं लिफ्ट में उनके साथ-साथ आया था। थोड़ी देर के बाद यह खबर मिली कि उनका स्वर्गवास हो गया है। श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र के प्रदेश पंजाब में मैं कितनी ही दफे गया। मैंने देखा कि वह एक सच्चे और ईमानदार कार्यकर्ता थे और कृषकों और गरीब वर्ग के विशेष वफादार थे, तथा उनके हितों के लिए लड़ाई लड़ते थे। इस लिये आप प्रधान मंत्री जी और अन्य नेताओं की संवेदना के साथ-साथ हमारी संवेदना भी शोक-सन्तप्त परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें।

**श्री मान सिंह भौरा** (भटिंडा) अध्यक्ष महोदय, बेशक आज श्री तेजा सिंह स्वतन्त्र हमारे बीच में नहीं है, मगर उनके पीछे एक इतिहास है। पचास साल से ज्यादा वह स्वतन्त्रता संघर्ष में रहे। बचपन से लेकर अंतिम घड़ी तक एक क्षण के लिए भी उन्होंने अपने आप के लिए और अपने घर के लिए नहीं सोचा। वह बराबर लड़ते रहे गुरुद्वारों को स्वतन्त्र कराने के लिए। पहले उनका नाम समुंद सिंह था, लेकिन जब एक जत्थे की लीडरशिप करते हुए गुरुद्वारा तेजा भीलहा, गुरुदासपुर को उन्होंने स्वतन्त्र करवाया, उसके बाद उनका नाम स्वतन्त्र पड़ा और आज तक वह इसी नाम से जाने जाते रहे। उन्होंने किसानों और मजदूरों के लिए अपनी सारी जिन्दगी लगा दी और अन्डरग्राउंड रह कर भी उन्होंने दो पार्लियामेंट के एलेक्शन लड़े। हम उस समय छोटे छोटे थे और उनके लिए हम को काफी काम करना पड़ा।

मैं उनके साथ पिछले बारह तेरह साल से रहा, लेकिन मैं हमेशा उनको अपना

पोलिटिकल गुरु समझता रहा । मुझे अफसोस है कि जब उनकी आखिरी घड़ी आई तब मैं वहां पर नहीं था । मैं एक गांव में था वहां रेडियो पर मैंने उन के निधन की खबर सुनी। उन्होंने अपनी सारी जिन्दगी लोगों के काम के लिए बिताई और कई कालेज खोले । आखिरी समय आने के पहले भी उन्होंने एक कालेज खोला, जिसको गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी ने ले लिया । अब भी वह एक कालेज कीर्ति कालेज के नाम से चला रहे थे । तीन या चार दिन पहले वह वहां गये । वहां पर तन्ख्वाहें देने के लिए रुपया नही था । उन्होंने दो दिन लगा कर 10 हजार रुपये इकट्ठा करके उनको दे दिया कि तनख्वाहें दो । इसी तरह से वह हर समय लोगों के लिए सोचते रहते थे ।

उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मैंने पंजाब के लोगों से अपील की है और यहां भी अपील करूंगा कि उन्होंने इस कालेज का जो काम शुरू किया है वह एक महान् काम है । आज वह हमारे बीच में नही हैं । उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यह होगी कि प्राइम मिनिस्टर साहबा पंजाब सरकार से कहें कि वह उनके इस कालेज को अपने हाथ में लेकर उनके नाम से चलायें । यही उनकी सारी जिन्दगी है । एक ही बच्ची उनकी थी जो उनकी अन्डर-ग्राउंड लाइफ में सात साल ही हो कर चली गई । उनका छोटा भाई था जिस को बीस साल की कैद हुई । उनकी जायदाद भी जब्त हुई और उनका घर भी । जो उनका अंतिम संस्कार हुआ वह वहीं पर हुआ है जहां उनका घर था । उन्होंने अपनी सारी जिन्दगी कुर्बानी की है और आखिरी दम तक वह लोगों के लिए लड़ते रहे हैं ।

उनको श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके नाम पर मैंने जो अपील की है मैं समझता हूं कि उसमें सब लोग मदद करेंगे । मैं आपसे विनती करता हूं कि आप मेरे इन सैंटिमेंट्स को उनके परिवार तक पहुंचा दें ।

श्री झारखण्डे राय (घोसी) : अध्यक्ष महोदय, यह संयोग की बात थी, पता नहीं, इसको दुर्भाग्य कहूं या सौभाग्य कि स्वतन्त्र जी के अन्तिम क्षणों में मैं उनके पास खड़ा था । उनका और मेरा सीधा सम्पर्क बाईस साल से रहा, हालांकि ऐतिहासिक रूप में मैं उनके बारे में 35–36 सालों से सुनता चला आ रहा हूं । उनका 55 वर्ष का संघर्षमय जीवन अपने में स्वयम् एक इतिहास छिपाये हुये चल रहा था । वे स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी रहे और समाजवाद की स्थापना के लिये उनका सिपाही जीवन अन्तिम क्षणों तक बना रहा । उनके जीवन का अन्तिम सपना यह था कि हिन्दुस्तान में एक ऐसी भारतीय व्यवस्था कायम हो जिस में विषमता का नामो निशान न रहे । मेरा विश्वास है कि उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके अधूरे सपने को पूरा करें । हमारे राष्ट्र ने समाजवाद के लक्ष्य को स्वीकार कर लिया है, इससे अवश्य ही उनको अन्तिम समय मे सन्तोष रहा होगा । जिस व्रत को लेकर वे और उनके जैसे कुछ लोग शुरू शुरू में अकेले चले थे, आज सारे राष्ट्र ने उसको अपना लिया है । मेरा सौभाग्य है कि मैं 13 अप्रैल को वीर-प्रसविनी भूमि पंजाब के उस अंचल का, आलुना गांव की जिस धरती की कोख ने उस क्रान्तिकारी वीर पैदा किया था, उसका दर्शन किया ।

इन शब्दों के साथ मैं श्री स्वतन्त्र को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और आप से आग्रह करता हूं कि हमारी तुच्छ संवेदना उनके परिवार तक पहुंचाने की कृपा करें ।

MR. SPEAKER: The House may stand in silence for a short while to express its sorrow.

*The Members then stood in silence for a short while.*